भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 137**
उत्तर देने की तारीख 12 दिसंबर, 2023
21 अग्रहायण, 1945 (शक)

# खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा

**137. डॉ. निशिकांत दुबे :**
**श्री गजानन कीर्तिकर :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने झारखंड और महाराष्ट्र राज्यों के लिए खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत कोई योजनाएं बनाई हैं / शुरू की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा झारखंड और महाराष्ट्र राज्यों को खेलों को बढ़ावा देने हेतु संस्वीकृत, आबंटित और जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत झारखंड और महाराष्ट्र में खेलों को बढ़ावा देने हेतु कोई अन्य सहायता प्रदान कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) से (ङ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

**"खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा" के संबंध में डॉ. निशिकांत दुबे और श्री गजानन कीर्तिकर द्वारा दिनांक 12.12.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 137 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।**

(क) से (ङ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों मे सहायता करती है ।

तथापि, सरकार 'खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम', एक केंद्रीय सेक्टर स्कीम, के माध्यम से झारखंड और महाराष्ट्र राज्यों सहित देशभर में खेलों में व्यापक जन-सहभागिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा दे रही है । इस स्कीम के निम्नलिखित पांच घटक हैं:

i. खेल अवसंरचना का निर्माण एवं उन्नयन
ii. खेल प्रतियोगिताएं एवं प्रतिभा विकास
iii. खेलो इंडिया केंद्र और खेल अकादमियां
iv. फिट इंडिया मूवमेंट
v. खेलों के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देना

इसके अलावा, इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती है, राज्य-वार नहीं । पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान झारखंड और महाराष्ट्र राज्यों सहित खेलो इंडिया स्कीम के माध्यम से खेलों के संवर्धन के लिए आवंटित धनराशि और किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है :

**(करोड़ रु.)**

| **क्र.सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **आवंटित धनराशि (संशोधित अनुमान)** | **किया गया व्यय** |
|---|---|---|---|
| 1 | 2018-19 | 500.09 | 342.24 |
| 2 | 2019-20 | 578.00 | 575.52 |
| 3 | 2020-21 | 328.77 | 338.06 |
| 4 | 2021-22 | 869.00 | 764.29 |
| 5 | 2022-23 | 600.00 | 596.39 |
| 6 | 2023-24 | 1000.00 (बजट अनुमान) | 414.11 (30.11.2023 तक) |

****